दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# राहत : अब 230 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा

## बारिश और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए बोर्ड का फैसला; छात्रों को घर के नजदीक मिलेगा परीक्षा केंद्र, पहले 63 सेंटर थे अधिसूचित

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह

धर्मशाला, 25 अगस्तः हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर-अक्टूबर 2026 में होने वाली स्टेट ओपन स्कूल (एसओएस) और नियमित कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए 63 नए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इन केंद्रों के जुड़ने के बाद अब प्रदेशभर में 230 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इससे पहले 21 अगस्त को बोर्ड ने 167 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए थे। बोर्ड के इस फैसले से दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। नए केंद्रों का निर्धारण करते समय परीक्षार्थियों की संख्या, स्थानीय स्कूलों की उपलब्धता और परिवहन सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को लंबी दूरी तय करने से बचाते हुए उनके घर के नजदीक परीक्षा केंद्र उपलब्ध कराना है।

अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और बरसात के दौरान कई क्षेत्रों में सड़क मार्ग प्रभावित होने को देखते हुए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बोर्ड की प्राथमिकता है कि किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा देने के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

## नकल पर जीरो टॉलरेंस, छह माह सुरक्षित रखनी होगी सीसीटीवी फुटेज

परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों को सख्त निर्देश भी जारी किए हैं। सभी केंद्रों पर परीक्षा के दौरान की सीसीटीवी फुटेज कम से कम छह महीने तक सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा।



सामूहिक नकल या अनुचित साधनों के मामले में केंद्र स्टाफ की संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित परीक्षा केंद्र की मान्यता रद्द की जा सकती है। विद्यार्थी और अभिभावक सोशल मीडिया की अफवाहों पर भरोसा न करें और परीक्षा केंद्र, डेटशीट व अन्य जानकारी के लिए केवल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी सूचनाओं को ही मानें। सभी परीक्षार्थी आत्मविश्वास और पूरी लगन के साथ परीक्षा की तैयारी करें।

– डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

epaper.dainiksaveratimes.in

**Anant Gyan Dt.26-08-2026**

# बरसात और सफर की मुश्किलों को देखते हुए 63 नए परीक्षा केंद्र बनाए

- **सितंबर-अक्तूबर में होने वाली एसओएस व नियमित परीक्षाओं के लिए डॉ. राजेश ने जारी किए निर्देश**
- **प्रदेश शिक्षा बोर्ड अब 230 सेंटरों पर करवाएगा एग्जाम**

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में सितंबर-अक्तूबर में आयोजित होने वाली स्टेट ओपन स्कूल (एसओएस) और नियमित कक्षाओं की परीक्षाओं को लेकर स्कूल शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को एक बड़ी सौगात दी है।

विद्यार्थियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए बोर्ड ने 63 नए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र अधिसूचित किए हैं। इन नए केंद्रों के जुड़ने के बाद अब प्रदेश भर में कुल 230 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। ज्ञात हो कि इससे पहले 21 अगस्त 2026 को बोर्ड ने 167 परीक्षा केंद्र तय किए थे।

**भौगोलिक परिस्थितियों और बरसात को देखते हुए लिया फैसला:** बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल की भौगोलिक स्थिति और बरसात के मौसम में खराब होने वाले रास्तों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। बोर्ड की यह प्राथमिकता है कि दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े। इन 63 नए केंद्रों को निर्धारित करते समय परीक्षार्थियों की कुल संख्या, स्थानीय स्कूलों की उपलब्धता और आवागमन (ट्रांसपोर्ट) की सुविधाओं का विशेष रूप से मूल्यांकन किया गया है।



## नकल पर जीरो टॉलरेंस, सीसीटीवी फुटेज रखनी होगी सुरक्षित

छात्रों को राहत के साथ बोर्ड ने परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि परीक्षा की पवित्रता से कोई समझौता नहीं होगा। सभी केंद्रों को सीसीटीवी फुटेज कम से कम छह महीने सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। सामूहिक नकल या अनुचित साधनों में स्टाफ की संलिप्तता मिलने पर केंद्र की मान्यता रद्द की जा सकती है। बोर्ड अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें। परीक्षा केंद्र, डेटशीट और अन्य किसी भी प्रकार के दिशा-निर्देशों के लिए केवल हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए पूरे आत्मविश्वास और लगन के साथ तैयारी करने का आह्वान किया है।

# Aapka Faisla Dt.26-08-2026

# हिमाचल बोर्ड के छात्रों को बड़ी राहत, बरसात और सफर की मुश्किलों को देखते हुए 63 नए परीक्षा केंद्र बने, अब 230 सेंटरों पर होंगे एग्जाम

धर्मशाला,( आपका फैसला )। हिमाचल प्रदेश में सितंबर-अक्टूबर 2026 में आयोजित होने वाली स्टेट ओपन स्कूल (स्हक) और नियमित कक्षाओं की परीक्षाओं को लेकर स्कूल शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को एक बड़ी सौगात दी है। विद्यार्थियों की सुविधा को सर्वोपरि

## सितंबर-अक्टूबर में होने वाली स्हस और नियमित परीक्षाओं के लिए डॉ. राजेश शर्मा ने जारी किए निर्देश

## नकल रोकने के लिए 6 महीने तक सुरक्षित रखनी होगी CCTV फुटेज

रखते हुए बोर्ड ने 63 नए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र अधिसूचित किए हैं। इन नए केंद्रों के जुड़ने के बाद अब प्रदेश भर में कुल 230 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। ज्ञात हो कि इससे पहले 21 अगस्त 2026 को बोर्ड ने 167 परीक्षा केंद्र तय किए थे। इस अहम फैसले का मुख्य उद्देश्य परीक्षा व्यवस्था को अधिक सुगम बनाना और छात्रों को उनके घर के नजदीक ही परीक्षा



देने की सुविधा उपलब्ध कराना है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल की भौगोलिक स्थिति और बरसात के मौसम में खराब होने वाले रास्तों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। बोर्ड की यह प्राथमिकता है कि दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े। इन 63 नए केंद्रों को निर्धारित करते समय परीक्षार्थियों की कुल संख्या, स्थानीय स्कूलों की उपलब्धता और आवागमन (ट्रांसपोर्ट) की सुविधाओं का विशेष रूप से मूल्यांकन किया गया है। छात्रों को राहत देने के साथ ही बोर्ड ने परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया है। डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि परीक्षा की पवित्रता के साथ कोई समझौता नहीं होगा। सभी परीक्षा केंद्रों को यह सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षा के दौरान की छ्ज्ञ्ञ फुटेज को कम से कम छह महीने तक अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखें। यदि किसी भी परीक्षा केंद्र पर सामूहिक नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग का मामला सामने आता है, और उसमें केंद्र के स्टाफ की संलिप्तता पाई जाती है, तो उस परीक्षा केंद्र की मान्यता को स्थायी या एक निश्चित अवधि के लिए रद्द कर दिया जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें। परीक्षा केंद्र, डेटशीट और अन्य किसी भी प्रकार के दिशा-निर्देशों के लिए केवल हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए पूरे आत्मविश्वास और लगन के साथ तैयारी करने का आह्वान किया है।

Divya Himachal Dt.26-08-2026

# स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेशभर में 63 नए परीक्षा केंद्र बनाए

दिव्य हिमाचल ब्यूरो–धर्मशाला

- बरसात और सफर की मुश्किलों को देखते हुए लिया अहम फैसला

हिमाचल प्रदेश में सितंबर–अक्तूबर 2026 में आयोजित होने वाली स्टेट ओपन स्कूल एसओएस और नियमित कक्षाओं की परीक्षाओं को लेकर स्कूल शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को एक बड़ी सौगात दी है। विद्यार्थियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए बोर्ड ने 63 नए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र अधिसूचित किए हैं। इन नए केंद्रों के जुड़ने के बाद अब प्रदेशभर में कुल 230 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इससे पहले 21 अगस्त 2026 को बोर्ड ने 167 परीक्षा केंद्र तय किए थे। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल की भौगोलिक स्थिति और बरसात के मौसम में खराब होने वाले रास्तों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। बोर्ड की यह प्राथमिकता है कि दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े। इन 63 नए केंद्रों को निर्धारित करते समय परीक्षार्थियों की कुल संख्या, स्थानीय स्कूलों की उपलब्धता और आवागमन (ट्रांसपोर्ट) की सुविधाओं का विशेष रूप से मूल्यांकन किया गया है।

Himachal Dastak Dt.26-08-2026

# प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने एसओएस की परीक्षा के लिए 63 परीक्षा केंद्र बढ़ाए

हिमाचल दस्तक ■ धर्मशाला

**सितंबर-अक्तूबर** 2026 में होने वाली राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) और नियमित कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। बोर्ड ने 63 नए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र अधिसूचित किए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में परीक्षा केंद्रों की कुल संख्या बढ़कर 230 हो गई है। इससे पहले 21 अगस्त को 167 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों और बरसात के दौरान खराब होने वाले रास्तों को देखते हुए नए केंद्र बनाए गए हैं। इसका उद्देश्य दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को घर के नजदीक परीक्षा देने की सुविधा उपलब्ध करवाना है। केंद्र निर्धारित करते समय परीक्षार्थियों की संख्या, स्कूलों की उपलब्धता और परिवहन सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है। बोर्ड ने परीक्षा में नकल और अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर सख्त रुख अपनाया है। सभी परीक्षा केंद्रों को परीक्षा के दौरान की सीसीटीवी फुटेज छह महीने तक सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

Dainik Bhaskar:26-08-2026

# एचपी बोर्ड ने बनाए 63 नए परीक्षा केंद्र

## 230 केंद्रों पर होंगी सितंबर-अक्टूबर की एसओएस व नियमित परीक्षाएं

भास्कर न्यूज़ | धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर-अक्टूबर में होने वाली स्टेट ओपन स्कूल और नियमित परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। बरसात के मौसम में खराब रास्तों और दूरदराज के क्षेत्रों से परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए बोर्ड ने 63 नए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र अधिसूचित किए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़कर 230 हो गई है। इससे पहले बोर्ड ने 21 अगस्त को 167 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए थे। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को घर के नजदीक परीक्षा देने की सुविधा देना और बारिश के दौरान आवागमन की परेशानियों को कम करना है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बरसात के दौरान कई क्षेत्रों में सड़कें प्रभावित होती हैं और विद्यार्थियों को लंबा सफर तय कर परीक्षा केंद्र तक पहुंचना पड़ता है। ऐसे में विद्यार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त केंद्र बनाए गए हैं। केंद्र निर्धारित करते समय परीक्षार्थियों की संख्या, स्थानीय स्कूलों की उपलब्धता और परिवहन सुविधाओं सहित अन्य जरूरी पहलुओं का भी आकलन किया गया है। बोर्ड ने परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों को सख्त निर्देश भी जारी किए हैं। सभी केंद्रों पर परीक्षा के दौरान की सीसीटीवी फुटेज छह महीने तक सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा।

Amar Ujala Dt.26-08-2026

# सितंबर-अक्तूबर में 230 केंद्रों पर होंगी एसओएस परीक्षाएं

धर्मशाला। सितंबर-अक्तूबर 2026 में होने वाली स्टेट ओपन स्कूल (एसओएस) और नियमित कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 63 नए परीक्षा केंद्र अधिसूचित किए हैं। अब 230 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं होंगी।

21 अगस्त को बोर्ड ने 167 केंद्र निर्धारित किए थे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और बारिश के दौरान कई क्षेत्रों में रास्ते प्रभावित होने को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ब्यूरो

DAINIK jagran Dt.26-08-2026

# परीक्षार्थियों को राहत, शिक्षा बोर्ड ने बनाए 63 नए परीक्षा केंद्र

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर-अक्टूबर 2026 में होने वाली स्टेट ओपन स्कूल (एसओएस) और नियमित कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए 63 नए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र बनाए हैं। अब प्रदेश में कुल 230 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इससे पहले 21 अगस्त, 2026 को 167 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए थे।


बोर्ड के इस निर्णय से विशेषकर दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है। नए केंद्रों का उद्देश्य परीक्षार्थियों को घर के निकट परीक्षा देने की सुविधा प्रदान करना और बरसात के दौरान आवागमन में आने वाली परेशानियों को कम करना है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और बरसात के दौरान प्रभावित होने वाले रास्तों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र बनाए हैं। केंद्रों के चयन में परीक्षार्थियों की संख्या, स्थानीय स्कूलों की उपलब्धता और परिवहन सुविधाओं का ध्यान रखा है।

बोर्ड ने परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों को परीक्षा के दौरान की सीसीटीवी फुटेज कम से कम छह महीने तक सुरक्षित रखना अनिवार्य किया है। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

The Sunny Times

# RAIN-PROOFING EXAMS: HP BOARD ADDS 63 NEW CENTRES TO BEAT MONSOON TRAVEL CHAOS

*Sunny Mahajan | Dharamshala*



In a major relief for thousands of students navigating rugged terrain and treacherous monsoon rains, the Himachal Pradesh Board of School Education has rolled out 63 brand-new examination centres for the upcoming September–October 2026 exams. The aggressive expansion bumps the state's total tally to 230 test centres, sharply up from the 167 venues previously notified on August 21, ensuring candidates for both State Open School and regular classes can sit for their papers much closer to home.

Board Chairman Dr. Rajesh Sharma underscored that the decision directly tackles the logistical nightmare of monsoon-damaged mountain roads, slashing travel stress for students in far-flung rural pockets. But while the board is easing travel, it is taking a ruthless stand against malpractice. In a stern zero-tolerance warning, authorities have mandated all test venues to preserve continuous CCTV surveillance footage for at least six months. Any centre caught facilitating cheating or looking the other way faces instant, severe penalties, including permanent blacklisting and loss of accreditation. Urging students to disregard social media rumors and stick exclusively to the official board portal for authentic updates, Dr. Sharma wished candidates luck and called on them to face their exams with pure grit and preparation.

**RV7 NEWS**

सच है तो दिखेगा


# हिमाचल बोर्ड के छात्रों को बड़ी राहत

## बरसात और सफर की मुश्किलों को देखते हुए 63 नए परीक्षा केंद्र बने, अब 230 सेंटरों पर होंगे एग्जाम

धर्मशाला | 25 अगस्त, 2026

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने स्टेट ओपन स्कूल (SOS) और नियमित कक्षाओं की सितंबर-अक्टूबर 2026 की परीक्षाओं के लिए छात्रों को बड़ी राहत दी हैं। बोर्ड ने विद्यार्थियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए 63 नए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र अधिसूचित किए हैं।

- अब पूरे प्रदेश में कुल 230 परीक्षा केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं।
- इससे पहले 21 अगस्त 2026 को बोर्ड ने 167 परीक्षा केंद्र तय किए थे।



डॉ. राजेश शर्मा
अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

### भौगोलिक परिस्थितियों और बरसात को देखते हुए लिया फैसला

दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कम से कम परेशानी हो, इस उद्देश्य से नए केंद्र बनाए गए हैं।

कुल परीक्षार्थियों की संख्या, स्थानीय स्कूलों की उपलब्धता और आवागमन की सुविधाओं को ध्यान में रखकर 63 नए केंद्र तय किए गए।

### नकल पर जीरो टॉलरेंस, CCTV फुटेज रखनी होगी सुरक्षित

- सभी परीक्षा केंद्रों को निर्देश – परीक्षा की CCTV फुटेज कम से कम 6 महीने तक अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखें।
- किसी भी केंद्र पर सामूहिक नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग में स्टाफ की संलिप्तता पाए जाने पर केंद्र की मान्यता स्थायी या निश्चित अवधि के लिए रद्द की जाएगी।

### अफवाहों से बचें, आधिकारिक जानकारी का करें इस्तेमाल

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें।

परीक्षा केंद्र, डेटशीट और दिशा-निर्देशों के लिए केवल हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें।

**सभी परीक्षार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं।**
**पूरे आत्मविश्वास और लगन के साथ तैयारी करें, सफलता निश्चित है।**